# मा0 जिलाधिकारी महोदय जनपद ललितपुर के द्वारा दिनांक 21.02.2024 को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

मा0 जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट समागार में दिनांक 21.02.2024 को आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

1. जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे ललितपुर।
3. प्रभागीय वनाधिकारी वन विभाग ललितपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
5. अधीक्षण अभियन्ता इलेक्ट्रीकल एण्ड मैकेनिकल, विद्युत/यान्त्रिक विभाग, झांसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग ललितपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग ललितपुर।
8. प्रतिनिधि वन विभाग ललितपुर।
9. श्री अरूण कुमार बौद्ध, सहायक अभियंता उ0प्र0 जल निगम, ललितपुर।
10. श्री नितिन नागवंशी, डिप्टी टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
11. श्री आशुतोष श्रीवास्तव, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, ललितपुर।
12. श्री विनय कुमार साहू QCE टी0पी0आई0, ललितपुर।
13. श्री धीरज कुमार SWSM इलेक्ट्रीकल मैकेनिकल इंजीनियर, ललितपुर।
14. श्री संजीव मौर्या सहायक अभियन्ता SWSM ललितपुर।
15. श्री अनिल पंचाल जे0ई0 SWSM ललितपुर।
16. श्री सुभाष विश्नोई, प्रोजेक्ट मैनेजर, डारा ललितपुर।
17. श्री तपन बेरा, प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0एम0सी0 ललितपुर।
18. श्रीमति शारदा वर्मा, तकनीकि हैड सुधाकरा ललितपुर।
19. श्री आकाश सिंह पी0एम0 सुधाकरा ललितपुर।
20. श्री संजीव शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, बानको गंगा ललितपुर।
21. श्री आकिब खान इंजीनियर, ब्रिज बानको ललितपुर।
22. श्री अभिलाषा तिवारी, पी0एम0 हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग।
23. श्री रिषी ओझा, पी0एम0 हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग।
24. कु0 प्रतिभा तिवारी Social expert थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
25. श्री अनुपम मिश्रा, डी0सी0, मेसर्स जीवन ज्योति, (आई0एस0ए0), ललितपुर।
26. श्री राजेन्द्र, मेसर्स नेचुरल रिसोर्स मेनेजमेन्ट एण्ड कॉमन वेल्थ।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित कुल 15 योजनाओं के कार्यो से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को निम्न निर्देश दिये गये–

1. भौरठ बांध में पानी नहीं भरने के कारण बिल्ला मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना में जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके लिए जिलाधिकारी महोदय ने शासन को एवं सिंचाई विभाग को समस्या का निराकरण करने के लिए पत्र लिखने को निर्देशित किया।
2. विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि NOC प्राप्त रेलवे NHAI एवं वन विभाग से सम्बंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें, एवं विद्युत पोल लगाने हेतु बाधित वृक्ष की कटाई छटाई करते हुए शीघ्र कार्य को पूर्ण करें एवं वन विभाग से NOC के लिये जल्द से जल्द apply करें जिससे कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणधीन विभिन्न योजनाओं के विद्युत कनेक्शन दिये जा सके, जिससे जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर जल पहुंचाना सम्भव हो सके।
3. Power Cut की समस्या को लेकर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन वह 10 PM से 6 AM तक लाइट की सप्लाई नियमित देंगे। महोदय द्वारा सभी कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि प्रतिदिन आपको कितने घंटे पावर सप्लाई मिली इसका प्रतिदिन Record Maintain करके अगली मीटिंग में महोदय को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि जल निगम की Retro fitting योजना में पावर सप्लाई का रोस्टर प्लान प्रस्तुत करें एवं विद्युत सप्लाई से सम्बन्धित पत्र जारी करें।

02/03/24

Scanned with OKEN Scanner

मेसर्स सुधाकरा द्वारा बताया गया कि 20.02.2024 से चकौरा विद्यालय को मॉडल विद्यालय बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय ने मेसर्स सुधाकरा को जल्द से जल्द विद्यालय का कार्य पूर्ण करने एवं अन्य कार्यदायी संस्थान को कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिये।

5. सभी कार्यदायी संस्थान द्वारा महोदय को बताया गया कि Water Ambulance 1 सप्ताह तक तैयार करा ली जायेगी।

6. जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को गृह संयोजन की Numbering करने हेतु निर्देशित किया गया।

7. **एजेंसीवार हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रगति एवं लक्ष्य की समीक्षा–**

| क्र. सं. | एजेन्सी का नाम | योजना में सम्मिलित कुल ग्रामों की संख्या | हर घर जल प्रमाणित किये गये ग्रामों की संख्या | कार्यदायी संस्था द्वारा हर घर जल प्रमाण पत्र माह फरवरी–2024 तक एकत्र करने हेतु दिया गया लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स सुधाकरा | 250 | 60 | 30 |
| 2 | मेसर्स दारा | 117 | 83 | 10 |
| 3 | मेसर्स जे0एम0सी0 | 145 | 111 | 40 |
| 4 | मेसर्स चन्दावली | 18 | 1 | 5 |
| 5 | मेसर्स टोरी | 19 | 10 | 5 |
| 6 | मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग | 111 | 50 | - |
| | कुल योग– | 660 | 315 | 90 |

महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिये गये कि सभी कार्यदायी संस्थान से शेष हर घर जल प्रमाणित किये जाने वाले ग्रामों कि लिस्ट लेकर DPRO ललितपुर से वार्ता करे एवं ग्रामों की लिस्ट जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि महोदय इस लिस्ट पर DPRO से वार्ता कर सके।

8. **एजेंसीवार क्षतीग्रस्त रोड रेस्टोरेशन की प्रगति बढ़ाने हेतु समीक्षा–**

| क्र.सं. | एजेन्सी का नाम | योजना में सम्मिलित कुल ग्रामों की संख्या | 100% रेस्टोरेशन किये गये ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स सुधाकरा | 250 | 85 |
| 2 | मेसर्स दारा | 117 | 65 |
| 3 | मेसर्स जे0एम0सी0 | 145 | 68 |
| 4 | मेसर्स चन्दावली | 18 | 6 |
| 5 | मेसर्स टोरी | 19 | 16 |
| | कुल योग– | 549 | 240 |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि जिन ग्रामों कि कमिशनिंग हो गयी है उन ग्रामों के सड़क पुर्नस्थापना का कार्य फरवरी माह तक पूर्ण करें। साथ ही जिन ग्रामों कि कमिशनिंग अभी शेष है उनकी कमिशनिंग कराकर सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करें।

9. **एजेंसीवार Balance Pipe Line की समीक्षा की गयी जो निम्न प्रकार है–**

| Name of Agency | Pipe Laying Details | | |
|---|---|---|---|
| | Scope (KM) | Laying (KM) | Balance Laying (KM) |
| GPL/Sudhakara | 2005 | 1905 | 100 |
| DARA | 982 | 981 | 1 |
| JMC | 1278 | 1277 | 1 |
| Brij-Banco (Chandawali) | 131 | 127 | 4 |
| Banco-Ganga (Tori) | 133 | 133 | 0 |
| Total | 4529 | 4423 | 106 |

Scanned with OKEN Scanner

इस ( ब्न्ध में जिलाधिकारी महोदय ने मेसर्स सुधाकरा, मेसर्स दारा, मेसर्स जे0एम0सी0 एवं ब्रिज बानको को शीघ्र शेष पाइप लाइन बिछाने को निर्देशित किए।

10. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद ललितपुर में कुल 23 स्थलों पर Railway Crossing करके pipe line बिछाई जानी है जिसमें कार्यदायी संस्था मेसर्स सुधाकरा द्वारा 17 स्थलों के सापेक्ष 5 स्थलों पर Railway Crossing एवं मेसर्स दारा द्वारा 6 स्थलों के सापेक्ष 2 स्थलों पर Railway Crossing का कार्य पूर्ण किया गया है। महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष बची हुई Railway Crossing का कार्य शीघ्र पूर्ण करें।
11. सभी कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि अपनी योजनाओं में सभी स्कूल, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अन्य सरकारी भवनों पर कनेक्शन करना तथा स्टेंड पोस्ट बनाना सुनिश्चित करें।
12. सभी कार्यदायी संस्थाओं को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि Signage board की अधिस्थापना एवं नये Colour code के अनुसार Painting कार्य शीघ्र पूर्ण करे, पूर्ण किये गये कार्य की List प्रस्तुत करें एवं पोर्टल पर अपलोड करें।
13. सभी कार्यदायी संस्थाएं को अपनी योजना में स्थपित Laboratories को शीघ्र NABL से प्रमाणित करायें जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।
14. सभी ISA Agency को निर्देश दिये गये कि ग्रामवासियों को शुद्ध पानी के बारे में जानकारी दे, जल के महत्व को ग्रामवासियों एवं स्कूल, आंगनवाड़ी, के बच्चों को बताए।
15. मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग द्वारा जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं को माह फरवरी तक पूर्ण करने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।

(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
अपर जिलाधिकारी
ललितपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी ललितपुर।

पत्रांक— 863/W-15/19 दिनांक 02-3 —2024

प्रतिलिपि — निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय SWSM लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय ललितपुर।
3. मुख्य अभियंता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
4. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर।
5. अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग ललितपुर।
6. अधिशासी अभियंता खण्ड कार्यालय (वि0/यां0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
7. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, ललितपुर।
8. प्रभागीय निर्देशक वन विभाग ललितपुर।
9. PWD विभाग ललितपुर।
10. टीम लीडर थीम–पी.एम.सी. ललितपुर।
11. टीम लीडर टी.पी.आई. ललितपुर।
12. समस्त कार्यदायी संस्था जल जीवन मिशन ललितपुर।
13. मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग, रेट्रोफिटिंग स्कीम, जल निगम, ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
ललितपुर।

Scanned with OKEN Scanner